Affiliated To : Federation of Jharkhand Chamber of Commerce & Industries, Ranchi
Regtn. No. (SRA - 1860) : 708/2009-10 (Govt. of Jharkhand)

संताल परगना चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज, देवघर
SANTAL PARGANA CHAMBER OF COMMERCE & INDUSTRIES, DEOGHAR

spccideoghar.2021@gmail.com | www.spccideoghar.in

PRESIDENT
ALOK KR. MALLICK
9934503132 | 8409386865

GENERAL SECRETARY
PRAMOD CHHAWCHHARIA
8709873483 | 9431132221

पत्रांक : SPCCI-09/2021-23 दिनांक : 07.12.2021

सेवा में,
श्री नरेन्द्र मोदी जी,
माननीय प्रधानमंत्री,
भारतवर्ष।

विषय : बैद्यनाथधाम देवघर को राष्ट्रीय महत्व के धार्मिक तीर्थस्थल के रूप में मास्टर प्लान बनाकर विकसीत करने के संबंध में।

महोदय,

संताल परगना चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज, देवघर की ओर से अभिवादन!

देश के सभी बड़े और महत्वपूर्ण धार्मिक तीर्थ वाले शहरों को विशेष रूप से समेकित विकास का नया आयाम देने की कोशिश निश्चित रूप से आपके सरकार की अति सराहनीय कदम हैं। खास कर श्री काशी विश्वनाथ की नगरी बनारस और केदारनाथधाम का अलौकिक–आध्यात्मिक विकास पूरे देशवासियों को आनंदित कर रही है। वैसे ही अयोध्याधाम के विकास का जो खाका और मास्टर प्लान बना है, वह भी अद्वितीय अलौकिक होने वाला है। केदारनाथधाम के नवविकसीत कार्यों के लोकार्पण के दिन देश के सभी बारह ज्योतिर्लिंग मंदिरों, चारों मठों तथा अन्य प्रसिद्ध तीर्थनगरियों को एक साथ वर्चुअल कार्यक्रम से जोड़कर धार्मिक स्थलों के विकास का एक सुखद अनुभव देशवासियों को मिला है। ऐसे में हम देवघरवासियों को भी विकसीत तीर्थ क्षेत्र के रूप में देवघर को देखने की लालसा बढ़ गई है।

देवघर का बाबा बैद्यनाथ मंदिर भगवान शिव के द्वादश ज्योतिर्लिंग के रूप में जाना जाता है और चूंकि यहां माता सती का हृदय भी गिरा है, इसलिए यहां शिव और शक्ति दोनों साक्षात विराजमान हैं। इसे शक्तिपीठ, हार्द्रपीठ और चिता भूमि भी कहा जाता है। यहां प्रतिवर्ष विश्व का सबसे लम्बा श्रावणी मेला लगता है जिसमें न सिर्फ देशभर के बल्कि विदेशों से भी केवल सावन मास में 40 लाख से भी अधिक श्रद्धालु बिहार के सुल्तानगंज स्थित उत्तरवाहिनी गंगा से गंगाजल लेकर कांवर यात्रा करते हुए देवघर आते हैं। ऐसे कई महत्वपूर्ण धार्मिक अवसरों पर सालों भर लाखों श्रद्धालु देवघर आते रहते हैं। कुल मिलाकर प्रत्येक वर्ष करोड़ों की संख्या में देशवासी बैद्यनाथधाम देवघर की तीर्थयात्रा करते हैं।

न सिर्फ द्वादश ज्योतिर्लिंग बाबा बैद्यनाथ के दर्शन के लिए, बल्कि योगगुरु स्वामी सत्यानंद जी महाराज के रिखियापीठ और ठाकुर अनुकूल चन्द्र के सत्संग आश्रम तथा बालानंद ब्रह्मचारी जी के आश्रम में भी देश–विदेश के लोग यहां आते हैं। तीर्थ, पर्यटन और सांस्कृतिक तीनों दृष्टिकोण से देवघर का इतिहास समृद्ध है। अब तो यहां एम्स और एयरपोर्ट भी शीघ्र ही पूर्ण रूप से संचालित होने को है।

दिनोंदिन देवघर के बढ़ते फलक और तीर्थयात्रियों और सैलानियों में हो रहे वृद्धि को देखते हुए अब इसे नये कलेवर में नया आयाम देने की जरूरत सिद्दत से महसूस की जा रही है। जिस तरह से डा. बिमल पटेल ने काशी विश्वनाथ की नगरी बनारस के विकास का मास्टर प्लान वहां के महात्म्य के अनुसार बनाया है और बनारस को आज अलौकिक,

PRESIDENT
ALOK KR. MALLICK
9934503132 | 8409386865

GENERAL SECRETARY
PRAMOD CHHAWCHHARIA
8709873483 | 9431132221

आत्मदर्शन और आत्मावलोकन के वास्तुबोध के साथ सुसज्जित किया है ठीक वैसे ही बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर को भी अलौकिक–आध्यात्मिक शहर के रूप में विकसीत करने के लिए मास्टर प्लान बनाकर क्रमबद्ध रूप से विकसीत किया जाय। डा. बिमल पटेल की कंपनी एचसीपी डिजाइन, प्लानिंग एंड मैनेजमेंट प्रा. लि. ने देश के शहरी क्षेत्रों के विकास पर महत्वपूर्ण काम किया है। अनुरोध है कि इन जैसे अनुभवी कंपनी से ही देवघर का भी मास्टर प्लान बनाया जाय जिससे देवघर का महात्म्य, कांवर यात्रा, श्रावणी मेला और सांस्कृतिक समृद्धि उभर कर सामने आए तथा यात्रियों को देवघर दर्शन का एक सुखद अनुभूति मिले।

सादर,

Mallick

आलोक कुमार मल्लिक

अध्यक्ष

(मो. 9934503132)

प्रतिलिपि : श्री हरदीप सिंह पुरी, माननीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री, भारत सरकार।
श्री जी. किशन रेड्डी, माननीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री, भारत सरकार।
डा. निशिकान्त दुबे, माननीय सांसद, गोड्डा।